अनुसूची 14 फारम सं0 502।

# अंचल अधिकारी का न्यायालय, गोमिया (बोकारो)।

## आदेश–पत्रक

(देखें अभिलेख हस्तक, 1941 का नियम 129)

संजय कुमार सिंह
Vs
नीतु देवी एवं अन्य

आदेश पत्रक ता0– **11.12.2024** से तक

जिला-- बोकारो केश सं0– 25 / **2024–25**

केश का प्रकार-- विविध वाद

| आदेश क्रम संख्या और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गयी कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|
| 11/12/2024 | आवेदक– संजय कुमार सिंह, पिता– स्व0 कामेश्वर प्रसाद सिंह, सा0– जलौंघ, पो0+थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग के द्वारा एक आवेदन पत्र देकर सूचित किया गया है कि मौजा– हुरलुंग अंतर्गत खाता सं0– 02, प्लॉट सं0– 224, 920, 2141, कुल रकवा– 2.69 एकड़ भूमि उनके पूर्वज कुंवर रामईयाद सिंह का वकाश्त भूमि है। उपरोक्त भूमि को हुरलुंग की जनता के लिए उनके पूर्वज के द्वारा सप्ताहिक हाट–बाजार दिया गया है, जिसे ग्रामीणों के द्वारा सप्ताहिक हाट बाजार लगाते आ रहे है। विगत दिनों से निखिल कुमार सिंह, पिता– स्व0 गिरजा सिंह एवं हिरदा देवी, पति– स्व0 तुलसी सिंह के द्वारा एक सोची समझी सुनियोजित योजना बनाकर 1. नीतु देवी, पति– निखिल कुमार सिंह, 2. सुषमा देवी, पति– अजय कुमार सिंह एवं 3. कंचन देवी, पति– प्रवीन कुमार सिंह, ग्राम+पो0– हुरलुंग, थाना– चतरोचट्टी, जिला– बोकारो के साथ मिलकर षडयंत्र करके उपरोक्त जमीन का मालिकाना हक नहीं रहने के बावजुद एक जाली वंशावली बनाकर गलत तरीके से उपरोक्त जमीन को खरीद–बिक्री किये है। निखिल कुमार सिंह एवं हिरदा देवी उनके पूर्वज कुंवर रामईयाद सिंह का वंशज नहीं है। अंत में उनके द्वारा प्रश्नगत जमीन का दाखिल–खारीज रोकने तथा वंशावली की जाँच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।<br><br>विपक्षी को सूचना निर्गत करें। अभिलेख सुनवाई हेतु दिनांक– 27 / 12 / 2024 को रखें।<br><br>[signature] 11-12-24<br>अंचल अधिकारी,<br>गोमिया। | 10/9 notice<br>14/12/24 |

27/12/2024

अभिलेख उपस्थापित। प्रथम पक्ष की ओर से आपत्ति एवं भूमि से संबंधित कागजात दाखिल किया गया है। द्वितीय पक्ष की ओर से आपत्ति की गई है। एवं भूमि से संबंधित कागजात समर्पित किया गया है।

प्रथम पक्ष की ओर संजय कुमार सिंह के द्वारा कथ्य गया कि प्रश्नगत भूमि विपक्षी नीतू देवी एवं अन्य के द्वारा गलत वंशावली बनाकर उक्त भूमि की बिक्री कर रहे हैं। ~~प्रश्नगत~~ भूमि का खतियान कुंवर रमिचाद सिंह के नाम पर ~~खाली~~ है, और विपक्षी उसे रमैया सिंह के नाम पर वंशावली बनाकर बेच रहे हैं।

विपक्षी की ओर से सुषमा देवी के पति अभय कुमार सिंह के द्वारा कहा गया कि खेवट सं० - 3 जो नाजो सिंह के नाम पर आया हुआ है ~~प्रथम पक्ष के द्वारा~~ खाता सं० - 2, प्लॉट सं० - 244, 920 एवं 240 कुल रकबा - 269 डी० उनके पूर्वज से उन्हें मिला है। उसके साक्ष्य के रूप में केवाला / रसीद कागजात की छाया प्रति उपलब्ध कराया गया है।

उभय पक्षों को सुना गया।

| ... और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गयी कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|
| | वाद की सुनवाई जारी है। अभिलेख दिनांक- 06/01/2025 को रखें। <br> [signature] <br> अंचल अधिकारी | |
| 06/01/2025 <br> 07/01/2025 | सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाने के कारण न्यायालय कार्य नहीं हो सका। अभिलेख दिनांक- 17/01/2025 को रखें। <br> [signature] <br> अंचल अधिकारी | |
| 17/01/2025 | आवेदक की ओर से हाजिरी दी गई है। द्वितीय पक्ष की ओर से निखिल कुमार सिंह के द्वारा Authorization से संबंधित शपथ पत्र एवं हाजिरी दी गई है। <br> अधोहस्ताक्षरी के अन्य कार्य में व्यस्त रहने के कारण न्यायालय कार्य नहीं हो सका। Put up on 31/01/2025 <br> [signature] <br> अंचल अधिकारी | |

| आदेश क्रम संख्या और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर |
| --- | --- |
| 31/01/2025 | उभय पक्ष की ओर से उपस्थिति दी गई है दोनों पक्षों को सुना गया। अभिलेख आदेश पर रखें।<br>31.1.25<br>अंचल अधिकारी |
| 01/02/2025 | अभिलेख उपस्थापित। आवेदक संजय कुमार सिंह S/O स्व० कामेश्वर प्रसाद सिंह, सा०- जलौंध, पो०- ईचाक, थाना- ईचाक, जिला हजारीबाग के द्वारा गोमिया अंचल अन्तर्गत मौजा डुरलुंग के खाता सं०-2 प्लॉट सं०- 224, 920, 2151 कुल रकबा 2.69 एकड़ भूमि के दाखिल-खारिज रोकने हेतु अनुरोध किया गया था।<br>इस संबंध में दाखिल-खारिज वाद सं०- 353/2024-25 का ऑन लाईन जाँच किया, जिससे ज्ञात हुआ कि उक्त दाखिल खारिज वाद को राजस्व उपनिरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर दिनांक- 02.12.2024 को श्री [illegible] के द्वारा अस्वीकृत किया जा चुका है। ऐसी स्थिति में उक्त वाद पर आगे किसी भी तरह का विचार किये जाने कोई ठोस आधार नहीं है |

| आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख के साथ |
|---|---|
| 2 | 3 |
| वर्णित परिस्थिति में वाद की कार्यवाही को समाप्त किया जाता है।<br><br>लेखापित एवं संशोधित।<br><br>1.2.25<br>अंचल अधिकारी<br>गोमिया।<br><br>1.2.25<br>अंचल अधिकारी<br>गोमिया। | |

Digitally signed by Md Aftab Alam
Date: 2025.03.23 22:12:35 +05:30
Location: 192.168.33.139